

# सशक्त भारत

सूर्या फाउण्डेशन मासिक पत्रिका

अप्रैल, 2024
वर्ष : 21
अंक : 05
₹ 3 प्रति

"

गाँव के विकास से भारत
के विकास का मॉडल -
यही उद्देश्य हमारे सामने है।
हमारा विश्वास है।
- हम होंगे कामयाब।

## मेरा गांव मेरा बड़ा परिवार








suryafoundation1 | @suryafnd | surya_foundation | suryafoundation | www.suryafoundation.org

## सूर्या रोशनी काशीपुर प्लांट में उत्तराखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री श्री पुस्कर सिंह धामी जी का आगमन

उत्तराखण्ड क्षेत्र में सूर्या रोशनी लिमिटिड काशीपुर प्लांट में उत्तराखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री पुस्कर सिंह धामी जी का आगमन दिनांक 27/04/2024 को हुआ, जिसमें सूर्या काशीपुर प्लांट के प्रमुख शुभम चमोली, HR महाप्रबन्धक संजीव जी, CO आशुतोष मिश्रा व उनकी पुरी टीम ने मिल कर स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा निर्मित गणेश जी की मूर्ति मुख्यमंत्री जी को भेंट की। उन्हें समूह द्वारा बनाई गई मूर्ति व अन्य सामग्री के बारे में भी जानकारी दी। यह जानकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा की मातृ शक्ति को आगे बढ़ाने में भी सूर्या फाउन्डेशन काम कर रहा है। उन्होंने इस काम की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे स्वरोजगार से सम्बन्धित कार्य निरन्तर करते रहें।



स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित तस्वीर मुख्यमंत्री जी को भेंट करते हुए

## कम्प्यूटर मासिक टेस्ट




हिंदूपुर क्षेत्र के गांव गोल्लापुरम में बच्चो के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र चलाया जा रहा है, जिसमे बच्चो को कम्प्यूटर शिक्षा दी जाती है, यह बच्चो को भविष्य जरूर काम आयेगा। प्रत्येक माह बच्चों का मासिक टेस्ट भी होता है इसी क्रम में दिनांक 30/3/2024 को बच्चो का मासिक टेस्ट कराया गया, जिसमें प्रथम-सरला, द्वितीय-भानुप्रिया, एवं तृतीय उषा दे प्राप्त किया। उन्हे यह स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

# महिलाओं ने सिलाई सीखकर की रोजगार की शुरुआत



स्वावलम्बन की ओर कदम...

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के द्वारा सिंघवारी, मध्य प्रदेश सिलाई कौशल केंद्र पर 15 महिलाओं को टी-शर्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के द्वारा महिलाओं को रोजगार का एक बड़ा माध्यम बन रहा है। जहां आज टी-शर्ट, पैंट्स एवं महिलाओं के कपड़े बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं, वहीं महिलाओं के रोजगार के लिए सूर्या फाउण्डेशन उनके आर्थिक सुधार में बड़ा सहयोगी बना है। सूर्या फाउण्डेशन के इस नए प्रकल्प को लेकर बहुत खुशी है। भविष्य में महिलाओं को सिलाई के अच्छे अवसर उपलब्ध होंगे केन्द्र के माध्यम से बनने वाले टी-शर्ट का उपयोग सूर्या रोशनी एवं सूर्या फाउण्डेशन की प्रकल्पों में भी किया जाएगा। जिससे बड़ी मात्रा में महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।











# ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर

शिविर का उद्देश्य श्रेष्ठ, चरित्रवान एवं चिंतनशील व्यक्तित्व बनाना है। इस शिविर में बच्चों को शारीरिक, मानसिक, अत्याध्मिक सामाजिक, नैतिकता के साथ-साथ प्रतिदिन कई प्रकार की रोचक व शिक्षाप्रद जानकारी सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हेतु दी जा रही हैं। सामाजिक दायित्व चेतना, देश-प्रेम, समाज सेवा और अनुशासन के साथ सभी  के प्रति सम्मान करने की भावना विकसित होती है। और अनुशासन, देशभक्ति और चरित्र निर्माण की शिक्षा देता है।

इन्ही सब उदेश्यों को लेकर ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर 1 अप्रैल से 31 मई 2024 तक 18 राज्यों के 250 गाँव में चलने वाले इस 10 दिवसीय शिविर में कक्षा 3 से 8 तक के बच्चे भाग लेंगे जो ग्रामीण बच्चे गर्मी के छुट्टियों में कुछ साधन न मिलने के कारण








कुछ अलग से कर या सीख नही पाते उन सभी बच्चों के लिए यह बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा।

शिविर में बच्चों को पर्यावरण (वृक्षारोपण) ट्रेनिंग के महत्व, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्वास्थ्य, योग ध्यान, सुलेख, व्यवहार, आदर्श घर, विज्ञान का प्रयोग, चित्रकला, कबाड़ से जुगाड़, मिट्टी के खिलोने सोशल मीडिया, मानचित्र, सुरक्षा, भाषण कला, देशभक्ति ऐसे अनके विषय 10 दिन के शिविर में सीखते है। इस शिविर में देश भर के 7800 बच्चे भाग लेंगे जिनमे से 1250 विशिष्ट बच्चों को सूर्या फाउण्डेशन द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा। साथ ही उनमें से 250 बेस्ट शिविरार्थी को स्कॉलरशिप के माध्यम से उनके पढ़ाई लिखाई हेतु संस्था मदद करेगी।





## शिविर लगाकर जरूरतमंदों के लिए कार्यकर्ताओ ने किया

# रक्तदान




सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना एवं सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर के संयुक्त प्रयास से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओ एवं सूर्या रोशनी के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, सूर्या रोशनी महाप्रबंधक मुकुल चतुर्वेदी ने कहा युवाओं को अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपातकालीन समय लोगों को बचाया जा सके एवं उनके परिवार को खुशहाली दे सकें। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए जिससे अनेकों बीमारियाँ दूर होती हैं इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है। इस शिविर में 300 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

## 4 साल पहले लगाए पौधे आज मिल रहा फल

हमने जुलाई 2020 में सूर्या फाउण्डेशन के सहयोग से अपने गाँव में वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य किया। जिनको हमने श्री शत्रुहन लाल कश्यप के सहयोग से पास की नर्सरी से 100 अमरूद के पौधे लाकर गाँव में वितरित किया, जिनमें से आज 40 पौधे जीवित हैं जो आज बड़े हो चुके है और जिनके फल लगना आरंभ हो गया है उनमें से चार अमरूद के पौधे मैंने अपने घर लगवाएं जिनकी मैं और मेरे परिवार वालों ने मिलकर निरंतर देखभाल की और उसको हमने बच्चों की तरह पाला आज उसे सब का नतीजा हमारे सामने है। आज हमारे पौधे इतने बड़े हो चुके हैं जिनके फल लगना आरंभ हो गया है जिनको देखकर मन आनंदित हो उठता है।

**प्रदीप कुमार, सेवाभावी**
**गाँव भोडाहोशनाक, हरियाणा**



## बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश



**जल है तो कल है**, ये कहावत सुनने के बावजूद जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं **जल ही जीवन है।** इसी को ध्यान में रखते हुये सूर्या संस्कार केन्द्र के द्वारा बच्चे और समाज को जागरुक करने के लिये जल संरक्षण विषय पर चित्र कला प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें संस्कार केंद्र के भैया बहनों द्वारा जल को कैसे बचायें, चित्र बनाये गये।

# डेरी प्रशिक्षण शिविर

सूर्या साधना स्थली झिंझोली में आयोजित डेरी प्रशिक्षण शिविर के समापन में भारत सरकार के पूर्व आयुक्त पशुपालन विभाग-CEO Agrinnovate India Limited डॉ. प्रवीण मलिक और सूर्या फाउण्डेशन के सीनियर वाइस चेयरमैन ब्रिगेडियर डी. सी. पंत जी उपस्थित रहे। जहाँ एक ओर डेरी उद्यमियों ने पशु नस्ल वर्धन, Milk Processing, चारा प्रबंधन,आहार प्रबन्धन सीखा वहीं डॉ. मलिक ने डेरी उद्यमिता के सामूहिक प्रयास एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया।






सशक्त भारत के प्रकाशक, मुद्रक-ब्रिग्रेडियर डी.सी. पंत (सेवानिवृत्त) द्वारा सूर्या फाउण्डेशन के लिए बी-3/330, पश्चिम विहार, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं एक्सपो प्रिंट एवं मीडिया ज्वालाहेड़ी, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063, से मुद्रित
सम्पादक : प्रमोद कुमार आसरे

Licence No. DL(W) 10/2109/2024-26
R.N.I. No. DELHIN/2003/09359
U Licence : U (W) - 09/2024-26
Date of Publication : 04 May, 2024
Date of Postage : 7-8 May, 2024
Place of Posting : NIE Post Office

# झलकियाँ समाचार पत्रों में...

## कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में अमृता प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी



शिविर में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत। संवाद

बहादुरगढ़। सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर गांव सांखोल में लगाया गया। वीरवार को शिविर संपन्न हो गया। इस मौके पर समाजसेवी सतपाल राठी, सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना प्रमुख प्रमोद आसरे, सूर्या रोशनी लिमिटेड से वेलफेयर इंचार्ज मनोज सोमवंशी, अभियान प्रमुख अजय सूर्यवंशी, जोन प्रमुख पुरुषोत्तम, भंवर सिंह मौजूद रहे। सभी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

शिविर में शीतल, आयुषी, नीतू, सत्यम, शंकर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी सतपाल राठी ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन समय-समय पर विभिन्न प्रकार के एक्टिविटी करता रहता है। इसके माध्यम से बच्चों के उज्जवल भविष्य में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सूर्या फाउंडेशन से प्रमोद आसरे ने बताया कि यह शिविर 10 दिनों तक लगाया गया। इसमें बच्चों को 14 प्रकार की अलग-अलग एक्टिविटी सिखाई गई। जैसे कबाड़ से जुगाड़, आर्ट एंड क्राफ्ट, चित्रकला मिट्टी के खिलौने, मातृ पितृ सम्मेलन, शिक्षा में विज्ञान के प्रयोग, मानचित्र रीडिंग, सोशल मीडिया, डेली डायरी लेखन और कराटे मास पीटी आदि विषयों पर सिखाया गया।

క్లుప్తంగా

**ముగిసిన ఉచిత శిక్షణ శిబిరం**



పత్రాలను అందుకుంటున్న విద్యార్థులు

హిందూపురం టౌన్: సూర్య ఫౌండేషన్ ఆధ్వర్యంలో మండల పరిధిలోని తూముకుంట చెక్ పోస్ట్, బాకూరు, గొల్లపురం, సుద్దపల్లి తదితర గ్రామాల్లో నిర్వహించిన వేసవి శిక్షణ శిబిరాలు ముగిశాయి. ఈ సందర్భంగా గురువారం శిబిరంలో పాల్గొన్న విద్యార్థులకు సర్టిఫికెట్లు ప్రదానం చేశారు. డ్రాయింగ్, పెయింటింగ్, మట్టితో పాత్రలు తయారు చేయడం, ఆర్ట్ అండ్ క్రాఫ్ట్ తదితర వాటిపై శిక్షణ పొందిన వారి ప్రతిభను తెలిపారు.

## जल संरक्षण के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लक्ष्मणगढ़ - (सीकर) = लोकतेज = हरीश शर्मा/आकाश झुरिया -= सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गांव योजना प्रकल्प के तहत जयपुर के नंद विहार में संचालित सूर्या संस्कार केंद्र पर ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फाउण्डेशन जेएफसी सूरज सैन के अनुसार शिविर के अंतर्गत बच्चों को जल संरक्षण का महत्व बताया गया व इस विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़, आर्ट एंड क्राफ्ट, आदर्श घर, सुरक्षा, सुलेख, मानचित्र रीडिंग, विज्ञान के लघु प्रयोग, अच्छे स्वास्थ्य की बाते जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को जानकारी दी जा रही है।

## व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन

भाता/सोलापुर सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के अंतर्गत भाता नगर पंचायत के नारायण पुर में व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को स्वावलंबी बनाना एवं देश प्रेम की भावनाएं पैदा करना है। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल का भारत इस शिविर के माध्यम से बच्चे अपने व्यक्तित्व को निखार कर अच्छे चरित्र को अपने जीवन में धारण करेंगे। सूर्या फाउंडेशन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए पूरे देश भर के 18 राज्यों में 250 गांव में शिविर लगा रहा है। जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। इस कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ता उमेश कुमार (एजीवाई) और रवि (जेएसबी) संस्था के सेवाभावियों के सेवाभावी के अतिरिक्त गांव के लोग उपस्थित रहे।



## 'ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ उद्घाटन'

शेखावाटी संकल्प

लक्ष्मणगढ़ - (सीकर) = हरीश शर्मा। सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गांव योजना प्रकल्प के तहत जयपुर के नटलालपुरा में संचालित सूर्या संस्कार केंद्र पर ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पप्पू कुमार क्षेत्र प्रमुख ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के बच्चे कल का भारत। इस शिविर के माध्यम से बच्चे अपने व्यक्तित्व को निखारकर अच्छे चरित्र को अपने जीवन में धारण करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में फाउण्डेशन जेएफसी सूरज सैन ने संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष सूर्या फाउण्डेशन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए पूरे देश भर के 18 राज्यों के 250 गांवों में शिविर लगा रही है जो अपने आप में कीर्तिमान है। इस अवसर पर केंद्र शिक्षक राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।